पत्रांक–2 / निग० लेखा–08 / 2021.....8019 (अनु सी०डी० सहित

बिहार सरकार

निगरानी विभाग

सूचना भवन, पटना।

प्रेषक,

अतकस बड़ा,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक 26/10/26

विषय :– निगरानी विभाग, बिहार, पटना एवं इसके अधीनस्थ कार्यालय यथा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना एवं तकनीकी परीक्षक कोषांग, पटना के कुल 06 (छः) निष्प्रयोजित वाहनों हेतु निविदा विज्ञप्ति के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक निगरानी विभाग, बिहार, पटना एवं इसके अधीनस्थ कार्यालय यथा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना एवं तकनीकी परीक्षक कोषांग, पटना के कुल 06 (छः) निष्प्रयोजित वाहनों की निविदा के माध्यम से नीलामी किया जाना है, जिसमें वाहनों की निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 18.11.2026 को अपराह्न 3:00 बजे निर्धारित की गयी है।

अतः अनुरोध है कि निविदा संबंधी सूचना राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करने की कृपा की जाय। विज्ञापन की सी0डी0 भी संलग्न की जाती है।

अनु०–यथोक्त (सी0डी0)।

विश्वासभाजन,

26/10/26

सरकार के उप सचिव।

बिहार सरकार

निगरानी विभाग, बिहार, पटना

निष्प्रयोजित वाहनों की निविदा सूचना संख्या–02/निग० लेखा–08/2021

(1.) विभाग का नाम	निगरानी विभाग, बिहार, पटना
(2.) विज्ञापनदाता का नाम एवं पता	उप सचिव, निगरानी विभाग, बिहार, पटना सूचना भवन, चतुर्थ तल, जवाहर लाल नेहरू पथ, पटना–800015
(3.) निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समय	निविदा प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 18.11.2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक (बंद लिफाफे में)
(4.) निविदा विवरणी प्राप्त करने का स्थान :–	निगरानी विभाग, सूचना भवन, चतुर्थ तल, जवाहर लाल नेहरू पथ, पटना–800015
(5.) निविदा खोलने की तिथि/समय/स्थान	दिनांक 18.11.2026 के अपराह्न 4:00 बजे (निगरानी विभाग कार्यालय)
(6.) मद का नाम	निगरानी विभाग, बिहार, पटना एवं इसके अधीनस्थ कार्यालय यथार्थ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना एवं तकनीकी कोषांग परीक्षक कोषांग, पटना के प्रांगन (जहां और जिस हाल में) में कुल–06 (05 चार पहिया वाहन एवं 01 दो पहिया वाहन) वाहनों जिसकी विस्तृत सूची संबंधित कार्यालय से निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस के दिन प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा हेतु वाहनों का प्रकार तथा निर्धारित न्यूनतम मूल्य पंजीयन वर्ष सहित नीचे अंकित है। निर्धारित न्यूनतम मूल्य से कम मूल्य की निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

निविदा की जानेवाली वाहनों का प्रकार, पंजीयन संख्या एवं निविदा की न्यूनतम निर्धारित राशि निम्न प्रकार है :–

क्र०सं०	निविदा की जानेवाली वाहनों का नाम	पंजीयन संख्या	निविदा की न्यूनतम निर्धारित राशि (रूपया में)
1.	BR01CC–3333 टाटा सफारी	2014	₹ 3,00,000/-
2.	BR01PF–3577 जाइलो	2015	₹ 1,75,000/-
3.	BR01PF–3578 जाइलो	2015	₹ 1,75,000/-
4.	BR01PF–3576 जाइलो	2015	₹ 1,75,000/-
5.	BR01PF–3206 LML जायलो	2014	₹ 1,25,000/-
6.	BR01BB–9345 मोटर साईकिल	2011	₹ 2,500/-

निविदा का शर्त :– (1) निविदा के साथ निम्नांकित कागजातों को संलगन करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी :– (i) निविदाकर्त्ता का पैन (PAN)/आधार कार्ड की छायाप्रति (ii) निविदाकर्त्ताओं को निविदा के साथ प्रति वाहन ₹ 10,000/- (दस हजार) मात्र एवं मोटर साईकिल हेतु ₹ 1,000/- (एक हजार) रूपये मूल्य का अग्रधन के रूप में बैंक ड्राफ्ट जो उप सचिव, निगरानी विभाग, बिहार, पटना के नाम से Pledged संलगन करना होगा। (2) असफल निविदाकर्त्ताओं को अग्रधन के रूप में जमा बैंक ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा। सफल निविदाकर्त्ताओं को अग्रधन के रूप में जमा बैंक ड्राफ्ट के अतिरिक्त राशि को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से तीन दिनों के अंदर जमा करना होगा। जमा नहीं करेंगे तो उनके अग्रधन को जब्त कर लिया जायेगा। (3) निविदा हेतु सभी वाहनों के लिए निविदाकर्त्ताओं को अपनी निविदा में अलग–अलग दर अंकित करना होगा एवं समर्पित किये गये अलग–अलग वाहन हेतु लिफाफे के ऊपर "वाहन संख्या ..... हेतु निविदा" अंकित किया जाना अपेक्षित है। (4) उपर्युक्त शर्तों के अधीन प्राप्त होने वाले निविदाओं के आधार पर निविदित अधिकतम मूल्य वाले निविदाकर्त्ताओं की निविदा को सफल निविदाकर्त्ता माना जायेगा। सफल निविदाकर्त्ता को वाहनों के मूल्य की राशि का बैंक ड्राफ्ट तीन दिनों के अन्दर Pay to उप सचिव, निगरानी विभाग, बिहार, पटना के नाम जमा करना होगा। इसके बाद ही गाड़ी को "जो जहाँ और जिस हालात में है वहाँ से" निविदाकर्त्ता को अपने खर्च पर तीन दिनों के अन्दर ले जाना होगा। (5) अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द घोषित कर सकता है।

26/10/26

उप सचिव
निगरानी विभाग, बिहार, पटना।